
प्रो. उमेश आर्य व सीमा


प्रो. सुशील व मीना


प्रो. विक्रम कौशिक व डॉ. प्रज्ञा


डॉ. कुसुम व प्रवीन कुमार

**जीजेयू के सीएमटी डिपार्टमेंट में हुई पार्टी**

# टीचर्स की गाइडेंस भरी वॉक तो सीनियर्स के सजीले सुरों से हुआ फ्रेशर्स का वेलकम

सिटी रिपोर्टर • मैं अमन ये राज की बात है, सीएमटी डिपार्टमेंट में पढ़ता हूं... मगर आप इसे राज ना समझें। क्योंकि मंच से बड़े खास अंदाज में पेश किया गया यह फनी इंट्रोडक्शन है। इसमें राज की बातें हैं, म्हारी भैंस ब्यागी, तूड़ी भेदूं, सुन लैं ताई आले... जैसे टाइटल नाम के साथ सुनने को मिलें। यह मौका रहा जीजेयू के संचार एवं तकनीक प्रबंधन विभाग की फ्रेशर पार्टी का।

कार्यक्रम में सुर साधते हुए बड़े ही खास अंदाज में सीनियर्स ने जूनियर्स का स्वागत किया। टीचर्स ने रैंप वॉक के साथ गाइडेंस देते नजर आए। पार्टी में एक और जहां निधि, जेसिका, सतपाल, अयुषी और गुरप्रीत के साथ सभी ने जमकर ठुमके लगाए। वहीं हेमन्त, निशोक, सत्यदीप और विनय के गानों ने साथ गुनगुनाने पर भी मजबूर कर दिया।







## मिस्टर और मिस नहीं, सभी को मिला वीआर द बेस्ट का टाइटल

कार्यक्रम में टीम स्पिरिट को सपोर्ट करते हुए मिस्टर और मिस फ्रेशर के टाइटल्स की जगह "वी आर दा बेस्ट" के टाइटल से सभी स्टूडेंट्स को नवाजा गया। इस मौके पर विभाग के डीन प्रो. विक्रम कौशिक और विभागाध्यक्ष प्रो. उमेश आर्य ने नए बैच का स्वागत करते हुए उनके सफल और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पार्टी में प्रो. सुशील कुमार, प्रो. मिहिर रंजन पात्र, डॉ. प्रज्ञा कौशिक, डॉ. विक्रम मौजूद रहे।



दैनिक भास्कर - 2/10/19

## गुजवि में युवा कल्याण निदेशालय की तीन दिवसीय कार्यशाला का दूसरा दिन

# कलाकार का होना सौभाग्य की बात : प्रो. सरोज

- विशेषज्ञ डॉ. राजेश जांगड़ा ने विद्यार्थियों को कला और शिल्पकला के बारे में बताया
- युवा कल्याण निदेशक अजीत ताखर ने कहा कि शिल्पकला से विद्यार्थी बना सकते हैं कैरियर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के युवा कल्याण निदेशालय के सौजन्य से चल रही तीन दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन की कार्यशाला का उद्घाटन विश्वविद्यालय की छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. सरोज ने किया। लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज करवाने वाले डॉ. राजेश जांगड़ा कार्यशाला में विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर युवा कल्याण निदेशक अजीत ताखर उपस्थित रहे। डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. सरोज ने कहा कि बेशक आप तकनीकी कोर्सिज के विद्यार्थी हैं, लेकिन हम एक मनुष्य भी हैं और मनुष्य में कलाकार का होना सौभाग्य की बात है मनुष्य में कलाकार, योद्धा या साहित्यकार विद्यमान रहता है। इन सबका जीवन में अपना अपना योगदान रहता है। परन्तु एक कलाकार मनुष्यता को सुन्दरता प्रदान करता है।



फोटो : हरिभूमि

हिसार। गुजवि में आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित करते विशेषज्ञ डॉ. राजेश जांगड़ा।

विशेषज्ञ डा. राजेश जांगड़ा ने विद्यार्थियों को कला और शिल्पकला के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि अपने अन्दर निहित कौशल को निखारने के लिए भरपूर प्रयास करना चाहिए। इस तरह से वे अपने अन्दर की ताकत को पहचान कर सुनहरा भविष्य बना सकते हैं। सभी विद्यार्थियों ने विशेषज्ञ द्वारा दी गई जानकारी को ध्यान से सुना। युवा कल्याण निदेशक अजीत ताखर ने कहा कि ललित कला एक ऐसी विधा है जिसे विद्यार्थी अपनी पढाई के साथ-साथ एक दिलचस्पी एवं मनोरंजन के रूप में भी कर सकते हैं। शिल्पकला से हम अपना कैरियर भी बना सकते हैं। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के अलावा संबद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

मंच संचालन युवा कल्याण निदेशालय की रश्मि ने किया। इस अवसर पर एसडी महिला महाविद्यालय, हांसी की सोनाली, निदेशालय के कल्चर सुपरवाइजर डॉ. सुखदास, गुरप्रीत कौर सैनी, महेन्द्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

हरिभूमि 11-10-2019

---

सिटी भास्कर

दैनिक भास्कर, हिसार | शुक्रवार 11 अक्टूबर, 2019 | 02

dainikbhaskar.com



# रैंप वाक, इंट्रो और टैलेंट दिखा एक दूसरे से हुए रूबरू

## जीजेयू के इन्वायर्नमेंट साइंस एंड टेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट में फ्रेशर पार्टी की ऑर्गेनाइज

सिटी रिपोर्टर • जीजेयू के इन्वायर्नमेंट साइंस एंड टेक्नोलॉजी के डिपार्टमेंट में फ्रेशर पार्टी में एमएससी और एमटेक के न्यू स्टूडेंट्स का वेलकम किया गया। इसमें मंच पर सभी स्टूडेंट्स एक दूसरे के नामों से ही नहीं बल्कि एक दूसरे के टैलेंट के बारे में रूबरू हुए। कार्यक्रम का नाम भी रूबरू रखा गया। इसमें रैंप वाक, इंट्रो और टैलेंट राउंड में सभी ने मंच पर खुद का हुनर दिखाया। कोई शेर और शायरी से इंम्प्रेस करता नजर आया तो किसी ने डांसिंग हुनर दिखाया। पार्टी को और भी इंट्रेस्टिंग बनाने के लिए फ्रेशर्स को कई टास्क दिए गए। डिपार्टमेंट के एचओडी आर बास्कर ने नए स्टूडेंट्स को गाइडेंस दी। कार्यक्रम में डॉ. प्रवीन शर्मा, डॉ. मोना, डॉ. मोना, डॉ. अनीता, डॉ. अनु, डॉ. प्रियंका उपस्थित रहीं।











### गेम्स में सोनू और प्रेक्षा ने बाजी मारी

सीनियर्स ने फ्रेशर्स को कई गेम्स भी कराए। ब्यॉयज ने मंच पर साड़ी बांध डांस किया तो वहीं गर्ल्स ने बोतल को हाथ लगाए बिना ही कोल्ड ड्रिंक पीती नजर आई। साड़ी रैपिंग टास्क में सोनू तो कोल्ड ड्रिंक गेम में प्रेक्षा ने बाजी मारी।

दैनिक भास्कर 11-10-2019

## जीजेयू में सर्टिफिकेट इन फ्रेंच लैंग्वेज कोर्स के दो बैच 17 से होंगे शुरू

हिसार। गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में शुरू हुए सर्टिफिकेट इन फ्रैंच लैंग्वेज कोर्स लिए 60-60 विद्यार्थियों के दो बैच शुरू किए जाएंगे। इस कोर्स में दाखिला के लिए अंतिम तिथि 15 अक्तूबर है। ह्युमेनिटीज एंड सोशल साइंसेज के अधिष्ठाता प्रो. एससी कुंडू ने बताया कि पहला बैच विश्वविद्यालय के शिक्षण विभागों के नियमित विद्यार्थियों के लिए है और दूसरा बैच विश्वविद्यालय के शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारियों और बाहरी उम्मीदवारों के लिए है। इस कोर्स की कक्षाएं 17 अक्तूबर से शुरू होंगी। उन्होंने बताया कि इस कोर्स में दाखिले के इच्छुक उम्मीदवार विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। कोर्स में दाखिला पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा।

अमर उजाला।

शिक्षा

गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय में विद्यार्थी देंगे मंथली कॉम्प्टियूड टेस्ट, ताकि नौकरी पाने में न हो दिक्कत

## रोजगार कौशल बढ़ाने को गुजवि के विद्यार्थी हर माह देंगे एप्टीट्यूड टेस्ट

अमर उजाला ब्यूरो

हिसार। गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों में रोजगार कौशल बढ़ाने के लिए हर महीने एप्टीट्यूड टेस्ट होगा। इससे विद्यार्थियों में ऑनलाइन एप्टीट्यूड टेस्ट देने का भी अभ्यास होगा, जो आमतौर पर सभी बड़ी कंपनियां लेती हैं। ऐसे में विद्यार्थियों को नौकरी के वक्त बड़ी कंपनियों में एप्टीट्यूड टेस्ट देने में कोई परेशानी नहीं आएगी।

मंथली कॉमिट्यूड कंपीटिशन के तहत यह टेस्ट विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित किए जाएंगे। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट निदेशक प्रताप सिंह मलिक के अनुसार विश्वविद्यालय के सभी विभागों के विद्यार्थी इन टेस्ट में भाग ले सकेंगे।

### कम्युनिकेशन सुधारने के लिए ऑन द स्पॉट भाषण प्रतियोगिता

विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को विभिन्न कंपनियों में कम्युनिकेशन में अधिक दिक्कत आती है। ऐसे में उनके कम्युनिकेशन को सुधारने के लिए हर माह भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें विद्यार्थियों को ऑन द स्पॉट टॉपिक दिया जाएगा और उस विषय पर अंग्रेजी भाषा में ढाई से तीन मिनट तक बोलना होगा। ऑन द स्पॉट दिए जाने वाले टॉपिक में से एक आसान, एक सामान्य और एक मुश्किल होगा। जिनके क्रमशः 5, 10 और 15 अंक होंगे। इस अभ्यास से विद्यार्थियों में भाषाई ज्ञान के साथ आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। यह टेस्ट 15 अक्तूबर को दोपहर दो बजे होगा।

### 60 अंकों का होगा एप्टीट्यूटड टेस्ट



विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी प्रताप सिंह मलिक ने बताया कि प्लेसमेंट सेल में रजिस्ट्रेशन करवाने वाले विद्यार्थियों के दो ग्रुप बनाए गए हैं। पहला ग्रुप जूनियर का है, जिसमें सभी विभागों के प्रथम और द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों को शामिल किया गया है। वहीं, सीनियर ग्रुप में तृतीय और चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों को रखा गया है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों की ऑनलाइन परीक्षा 60 मिनट की होगी और उसमें 60 सवाल होंगे। इस माह इस परीक्षा का आयोजन 15 अक्तूबर को सुबह साढ़े 9 बजे से साढ़े 11 बजे तक किया जाएगा।

> विद्यार्थियों में रोजगार कौशल बढ़ाने के लिए हमने पिछले वर्ष यह प्रयोग किया था, जो सफल रहा था। ऐसे में इस सेशन में हम हर महीने यह टेस्ट करवाएंगे ताकि हमारा विद्यार्थी जब नौकरी के लिए जाए तो वो किसी भाषा, आत्मविश्वास और एप्टीट्यूट टेस्ट आदि के दौरान पीछे न रहे।
>
> प्रताप सिंह मलिक, निदेशक, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल, गुजवि।

अमर उजाला 13-10-2019

# भारत को खाद्य सुरक्षा के प्रति और ध्यान देना होगा : वीसी

## जीजेयू में विश्व खाद्य दिवस पर शुरू हुए दो दिवसीय कार्यक्रम का कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने किया शुभारंभ

संवाद सहयोगी, हिसार : दो तोले की मुंदरी ला दे तीन तोले का कंगना, फिर ले जा अपने अंगना गाने पर प्रस्तुति देता विद्यार्थी और तालियों से गूंजता सभागार। मौका था जीजेयू के खाद्य तकनीकी विभाग की ओर से विश्व खाद्य दिवस के उपलक्ष्य पर मंगलवार को शुरू हुए दो दिवसीय कार्यक्रम का। विश्वविद्यालय के शिक्षण खंड-4 के सेमिनार हाल में कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग की अध्यक्षा प्रो. अल्का शर्मा ने की। इस अवसर पर विभाग के प्रो. बीएस खटकड़, प्रो. अराधिता एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।



गुजवि में विश्व खाद्य दिवस पर गोल-गप्पे खाने की प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। • जागरण



विश्व खाद्य दिवस पर लगाई गई प्रदर्शनी देखतीं छात्राएं। • जागरण

घूमो रे परदेसिया पर काजल ने डांस कर किया सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। वही हनी ने ओ साथिया सॉन्ग पर डांस प्रस्तुति दी। वही प्रांजल दो तोले की मुंदरी ला दे... तीन तोले का कंगना... मुंह दिखाई दे जा फिर ले जा अपने अंगना .. पर डांस किया। गुलशन ने कजरा मोहब्बत वाला पर डांस किया दीपक ने जदो तेरा मन भरिया पर डांस किया।

तुम लड़की हो.. दुनिया वाले तुम पर ही प्रश्न उठाएंगे ..क्यों कोई नहीं था साथ में ....जो निकली अंधेरी रात में नामक कविता मोनिका ने सुनाई। कहां हम विश्व गुरु कैसे बन सकते हैं जब तक हम खाने को वेस्ट होने से नहीं बचाएंगे।

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विकसित देशों की तरह भारत को भी खाद्य सुरक्षा व पौष्टिक आहार के प्रति और अधिक ध्यान देना होगा। उन्होंने स्विटजरलेंड का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस तरीके से वहां पर भोजन को उगाने से लेकर खाने तक सुरक्षा व पौष्टिकत का पूरा ध्यान रखा जाता है, उसी तरीके से हमें भी खाद्य सुरक्षा व पोष्टिकता पर ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि अगर हम गाय को शुद्ध व पोष्टिक आहार देंगे तभी हमें उत्तम गुणवत्ता का दूध प्राप्त होगा। पौष्टिक दूध के उपयोग से उच्च गुणवत्तापरक उत्पाद बनाए जा सकते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों से स्वच्छता, खाद्य सुरक्षा व पोष्टिक आहार के साथ-साथ कोई भी भूखा न रहे तथा खाना व्यर्थ ना करने की बात कही। कार्यक्रम में तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के तहत बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों सहित 100 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इस कार्यक्रम की विशेषता यह है कि इस कार्यक्रम की साज सज्जा व अन्य गतिविधियों में पर्यावरण संरक्षण का विशेष ध्यान रखा गया है। उद्घाटन समारोह में गोबर से बना गणेश व गोबर से बने दियों का प्रयोग किया गया। विभाग द्वारा 'इंस्ट्रूमेंटेशन इन फूड एनालिसिस' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन भी किया जा रहा है।

कार्यक्रम में आमंत्रित विषय विशेषज्ञों जीसी रीबर कम्पैक्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड मानेसर गुड़गांव के प्रशांत सिंह व विषय विशेषज्ञ एनडीआरआई, करनाल के डा. बिमलेश मान ने डेयरी व फूड से सम्बंधित विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर दिए। प्रो. नमिता सिंह, प्रो. सोनिका, डा. सोनिका, प्रो. अराधिता रे, डा. प्रवीन कुमारी, डा. प्रियंका काजला, इंजीनियर सुनील कुण्डू व इंजीनियर नेहा यादव कार्यक्रम की विभिन्न प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल के सदस्य रहे। यह कार्यक्रम सारंग इंटरनेशनल फूड एंड बेवरेज प्राइवेट लिमिटेड, सिरसा, जम्भशक्ति ट्रस्ट, हिसार, आरआईएमएस (टेस्टिंग एंड ट्रेनिंग इंस्टीच्यूट), नई दिल्ली व अमनस कोर जेम, हिसार द्वारा प्रायोजित रहा। मंच संचालन शिक्षिका नेहा यादव, विद्यार्थी भाविका व हर्ष ने किया। इस अवसर पर डा. नवनिधि, डा. प्रियंका, डा. प्रवीन, काजल, आस्था दीवान, अंकुर लुथरा, मिथुन, विभाग के कर्मचारी व विद्यार्थी नेहा चौहान, सुमित कुमार बंसल, हरप्रीत सिंह, राहुल राठी, निकिता, भावना व अंकुर के साथ आदि उपस्थित रहे।

दैनिक जागरण - 16-10-2019

# इंस्ट्रूमेंटेशन इन फूड एनालिसिस विषय पर कार्यशाला का संपन्न



हिसार। गुजविप्रौवि में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के खाद्य तकनीकी विभाग से विश्व खाद्य दिवस के उपलक्ष्य पर चल रहे दो दिवसीय कार्यक्रम बुधवार को सम्पन्न हुआ। इस उपलक्ष्य पर विभाग में तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के सौजन्य से 'इंस्ट्रूमेंटेशन इन फूड एनालिसिस' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। कार्यशाला में एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के शिक्षक व विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

■ पारम्परिक आहार प्रतियोगिता, फूड ब्रांड तम्बोला, बीटस ऑन फूड, प्ले विद योर सैंसिज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया

विश्वविद्यालय के शिक्षण खंड-4 के सेमीनार हॉल में हुए समापन समारोह के मुख्यातिथि एवं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर थे। अध्यक्षता विभाग की अध्यक्षा प्रो. अल्का शर्मा ने की। इस अवसर पर पर्वतारोही मनीषा पायल भी उपस्थित रही। कार्यक्रम के दूसरे दिन विषय विशेषज्ञ संत लोंगोवाल इंस्टी यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, लोंगोवाल, संगरुर के प्रो. एमबी बेरा ने 'कंसेप्ट एप्लीकेशन इन स्ट्रक्चलर डिजाइन इंजीनियरिंग ऑफ फूड प्रोडक्ट एंड स्टोरेज स्टेबिलिटी' विषय पर व्याख्यान दिया। खाद्य प्रौद्योगिकी में मेटीरियल सार्इंस, फिजिक्स, पोलीमर सार्इंस, कंप्यूटर सार्इंस जैसे अन्य विषयों को भी साथ लेकर चलना चाहिए। पर्वतारोही मनीषा पायल ने कहा कि जिद करने वालों की जीत होती है।

उन्होंने विधार्थियों को आह्वान किया कि वे एक बार अपना लक्ष्य तय करके आगे बढ़े। उन्होंने बताया कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन पारम्परिक आहार प्रतियोगिता, फूड ब्रांड तम्बोला, बीटस ऑन फूड, प्ले विद योर सैंसिज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर ने प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। निर्णायक मंडल में प्रो. नीरज दिलबागी, डा. प्रवीन कुमारी, डा. सोनिका, इंजीनियर सुनील कुण्डु, इंजीनियर आस्था दीवान शामिल रहे। इस अवसर पर प्रो. बी.एस. खटकड़, डा. सोनिका ठाकुर, सुनील कुण्डु, अंकुर लुथरा, मिथुन, नेहा यादव, विभाग के कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

हरिभूमि 17-10-2019

# जर्मनी-स्विटजरलैंड की तर्ज पर देश के शिक्षण संस्थान उद्योगों से होंगे लिंक

## जीजेयू के कुलपति ने बताया युवाओं को रोजगार के लायक बनाया जाएगा

सुभाष चंद्र ● हिसार

देशभर के शिक्षण संस्थानों में जर्मनी व स्विटजरलैंड की तर्ज पर एजुकेशन प्रणाली में सुधार किए जाएंगे। साथ ही देश में युवाओं को जल्द से जल्द रोजगार लायक बनाने के लिए विदेशों की तर्ज पर विभिन्न इंडस्ट्रीज को शिक्षण संस्थानों से जोड़ा जाएगा। यह जानकारी हाल ही में जर्मनी व स्विटजरलैंड के सात दिवसीय दौरे से लौटे जीजेयू के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने दी। उन्होंने दिल्ली व हरियाणा सरकार के प्रतिनिधियों सहित स्किल व हायर एजुकेशन के 19 सदस्यीय दल के साथ 6 से 13 अक्टूबर तक उपरोक्त देशों का दौरा किया। दौरे का उद्देश्य विदेशों की क्वालिटी एजुकेशन सिस्टम को भारत में लागू करवाना है।

**विदेशों की इंडस्ट्रीज के ट्रेनिंग सेंटर का किया दौरा :** प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने उपरोक्त दोनों देशों की विभिन्न इंडस्ट्रीज और विद्यार्थियों के लिए इंडस्ट्रीज द्वारा बनाए गए ट्रेनिंग सेंटर का दौरा कर वहां के एजुकेशन सिस्टम को समझा है। विदेशों में एजुकेशन को इंडस्ट्रीज से कैसे जोड़ा गया है। कैसे विदेशी विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में अधिक सक्षम होते हैं। छात्रों को अधिक रोजगार कैसे मिल जाता है। इन सब बातों को वहां दौरा कर जाना गया है। इन दोनों देशों के एजुकेशन सिस्टम को कैसे भारत में लागू किया जा सकता है। भारत में छात्रों को रोजगारपरक बनाने के लिए विद्यार्थियों में स्किल्स को कैसे बढ़ावा दिया जा सकता है। इन सब बातों को आब्जर्व किया गया।

### मंथन कर बनाया जाएगा प्रपोजल

प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों द्वारा विदेशों के एजुकेशन सिस्टम को भारत में लागू करने के लिए मंथन किया जाएगा। इसके लिए विदेशी एजुकेशन सिस्टम व भारत के एजुकेशन सिस्टम का तुलनात्मक अध्ययन किया जाएगा। इसमें विदेशों व भारतीयों विद्यार्थियों का स्टडी लेवल व स्किल्स की रिपोर्ट तैयार की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल की ओर से प्रपोजल तैयार किया जाएगा, जिसमें विदेशी विद्यार्थियों के 10वीं के बाद ही विभिन्न इंडस्ट्री में जॉब करने की स्किल्स पर मुख्य रूप से मंथन होगा। गौरतलब है कि विदेशों में विद्यार्थियों को डिग्रियां अप्रेंटिस के काफी समय बाद दी जाती है। जबकि भारत में पहले ही डिग्रियां बांट दी जाती हैं। प्रतिनिधिमंडल के सदस्य विदेशों की इंडस्ट्रीज कैसे डिवलप हो रही है, इंडस्ट्री व एजुकेशन को साथ कैसे जोड़ा गया है, आदि का भी मंथन करेंगे।

सुशिक्षित समाज



प्रतिनिधिमंडल की ओर से वहां के एजुकेशन सिस्टम व देश के एजुकेशन सिस्टम का मंथन किया जाएगा। सरकार को विदेशी दौर के साथ प्रपोजल रिपोर्ट भेजी जाएगी। एजुकेशन पॉलिसी एजुकेशन सिस्टम को इंडस्ट्री से कैसे लिंक करना है, इस बारे में फोकस किया जाएगा।

**प्रो. टंकेश्वर कुमार,** कुलपति, जीजेयू

दैनिक जागरण 17-10-2019

# क्रिएटिविटी : रंगोली, पोस्टर मेकिंग और बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट में स्टूडेंट्स ने दिखाया आर्टिस्टिक हुनर

सिटी रिपोर्टर • जीजेयू के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस में स्टूडेंटस क्लब के सौजन्य से आर्टिस्टिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रंगोली, पोस्टर मेकिंग, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, क्लास डैकोरेशन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। एचएसबी की अधिष्ठाता प्रो. ऊषा अरोड़ा ने किया।





### कुकिंग विदआउट फायर

कार्यक्रम में स्टूडेंट्स ने कुकिंग विदआउट फायर में अपनी डिश के स्वाद के साथ अपनी प्रजेंटेशन से सभी को अट्रेक्ट किया। कार्यक्रम में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।



दैनिक भास्कर - 19-10-2019

# बायो एंड नैनोटेक विभाग में फ्रेशर पार्टी में थिरके विद्यार्थी, किया झूमने पर मजबूर

**संवाद सहयोगी, हिसार:** पिया तू अब तो आजा ...गाने पर नाचते छात्र-छात्राएं और तालियों से गूंजता बायो एंड नैनोटेक्नोलॉजी विभाग का हॉल। मौका था शुक्रवार को बायो एंड नैनोटेक के विभाग में आयोजित की गई फ्रेशर पार्टी का। फ्रेशर पार्टी सुबह 11 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक चली। पार्टी में छात्र-छात्राओं ने डांस, मिमिक्री, पेपर-डांस, रैंप वॉक कर पार्टी में धमाल किया। पार्टी में विभिन्न परफॉर्मेंस के आधार पर मिस्टर फ्रेशर दीपक बने तो वही अंजना मिस फ्रेशर रही। मनन मिस्टर इवनिंग व निकिता मिस इवनिंग रही। पार्टी की शुरूआत में विभागाध्यक्ष प्रो. विनोद चोखर, प्रो. अनिल भानखड़ सहित विभाग के अन्य टीचर्स उपस्थित रहे।

**नेल पेंट गेम ने मचाया धमाल :** इस गेम में पहले पेयर बनाए गए। फिर लड़कों को अपने मुंह में नेल पेंट ब्रश लेकर लड़कियों के हाथ पर नेल पेंट लगाने थी। इस गेम के दौरान तू लगावेलू जब लिपिस्टिक गाना बैकग्राउंड में बजता रहा तो गेम और रोमांचक हो गया। इस गेम के विजेता दीपक रहे। इसके अलावा बिना हाथ लगाए मुंह से पेस्ट्री खाना, साड़ी ड्रैप करना, पेपर डांस गेम को भी खूब पसंद किया गया।

### इन छात्रों ने दी प्रस्तुति

नवीन और कुलदीप ने गाना गा बेहतरीन प्रस्तुति दी तो वही लता ने बम डीगी बम गाने पर डांस कर अपने साथ नाचने पर सभी को मजबूर कर दिया। इसके अलावा बिंदिया, विभाषा, मौसम ने भी डांस कर बेहतरीन प्रस्तुति दी।




जीजेयू में बायो एंड नैनो टेक्नोलॉजी विभाग की फ्रेशर पार्टी में डांस करती छात्राएं। ● जागरण



जीजेयू में बायो एंड नैनो टेक्नोलॉजी विभाग की फ्रेशर पार्टी में डांस करती छात्राएं। ● जागरण



फ्रेशर पार्टी में डांस करती छात्रा। ● जागरण



फ्रेशर पार्टी में डांस करती छात्राएं। ● जागरण

# हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस में क्विज स्पर्धा रिशभ, प्रिय विनर और आयुशी, मधुर रनरअप

## जीजेयू के चौधरी रणबीर सिंह सभागार में हुआ कार्यक्रम, छात्रों से कॉरपोरेट संबंधी सवाल पूछे

**भास्कर न्यूज | हिसार**



जीजेयू के चौधरी रणबीर सिंह सभागार में बिजनेस क्विज में भाग लेते प्रतिभागी।

जीजेयू के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस के विद्यार्थियों द्वारा 'बिजनेस क्विज' प्रतियोगिता का आयोजन किया। विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह सभागार में हुए इस कार्यक्रम में हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस के निदेशक प्रो. कर्मपाल नरवाल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे।

हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस के शिक्षक डॉ. दलबीर सिंह व डॉ. अंजू वर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। निदेशक प्रो. कर्मपाल नरवाल ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में अवश्य भाग लेना चाहिए। इससे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में विकास होता है तथा ज्ञानवर्धन होता है। विभाग में इस प्रकार के कार्यक्रम नियमित रूप से करवाए जाएंगे। प्रो. कर्मपाल नरवाल ने विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया। प्रतियोगिता के आयोजन में हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस के विद्यार्थियों नीतू, दिनेश, सुखदीप, नेहा, रितु, पूजा का विशेष सहयोग रहा। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रिशभ, प्रिया, प्रिंसी, प्रियंका ने प्रथम स्थान हासिल किया। आयुशी, मधुर, निखिल, योगेश ने द्वितीय तथा सचिन, मीनू, मनीषा व एस. प्रियंका ने तृतीय स्थान हासिल किया। इस क्विज में सामान्य ज्ञान व कॉरपोरेट संबंधी प्रश्न पूछे गए जिससे विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन हुआ। इस अवसर पर हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस के डॉ. हिमानी शर्मा, डॉ. खजान सिंह, डॉ. संगीता मित्तल, डॉ. अंजलि, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर - 19-10-2019

# यूथ वेलफेयर की फीस जमा न करवाने वाले कालेज यूथ फेस्टिवल में नहीं ले सकेंगे भाग

## 10वीं की मार्कशीट कॉपी न देने पर परफॉर्म नहीं कर सकेंगे विद्यार्थी



**जागरण संवाददाता, हिसार :** जीजेयू में यूथ फेस्टिवल में वहीं कालेज भाग ले पाएंगे। जिन्होंने यूथ वेलफेयर फीस जमा करवाई है। साथ ही जो विद्यार्थी 10वीं की मार्कशीट कॉपी रजिस्ट्रेशन के समय अपलोड करवाएंगे उन्हीं विद्यार्थियों को यूथ फेस्टिवल में भाग लेने का अवसर मिलेगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने यूथ फेस्टिवल के नियम जारी कर दिए है।

जीजेयू में यूथ फेस्टिवल का आयोजन 7 से 9 नवंबर को किया जाएगा। यूथ फेस्टिवल में अबकी बार दो नए इवेंट्स भी जोड़े गए है। इनमें हिंदी स्किट व मेहंदी प्रतियोगिता शामिल है। इसके साथ-साथ क्विज कंपीटिशन में एक राउंड अलग से आयोजित किया जाएगा जो श्री गुरुनानक देवजी के 550वें प्रकाशोत्सव पर होगा। हालांकि इसके अंकों को यूथ फेस्टिवल में काउंट नहीं किया जाएगा। लेकिन इसमें विनर्स को प्राइज दिए जाएंगे।

**30 अक्टूबर तक कर सकते है रजिस्ट्रेशन :** विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से यूथ फेस्टिवल के लिए पोर्टल बनाया गया है। डीएसडब्लू प्रो. सरोज ने बताया कि पोर्टल पर कालेज टीमें यूथ फेस्टिवल के लिए आवेदन कर सकती है। इसके लिए जिन कालेजो में विद्यार्थियों की संख्या 300 विद्यार्थियों से नीचे है उनके लिए 2 हजार रुपये फीस निर्धारित की गई है। वहीं जिस कालेज में विद्यार्थियों की संख्या 300 से उपर है तो उन्हें 3 हजार रुपये फीस देनी होगी। यूथ फेस्टिवल में भाग लेने के लिए 30 अक्टूबर तक आवेदन किये जा सकते है। कालेज डिमांड ड्राफ्ट से भी फीस जमा करवा सकते है। डिमांड ड्राफ्ट रजिस्ट्रार के फीवर में डाला जा सकता है।

### यह होंगे इवेंट्स

| इवेंट | अवधि |
|---|---|
| क्लासिकल वोकल सोलो | 8 से 10 मिनट |
| क्लासिकल इंस्ट्रूमेंटल सोलो | 8 से 10 मिनट |
| लाइट इंडियन वोकल सोलो | 3 से 5 मिनट |
| वेस्टर्न वोकल सोलो | 4 से 6 मिनट |
| ग्रुप सोंग | 8 से 10 मिनट |
| ग्रुप सोंग वेस्टर्न | 8 से 10 मिनट |
| इंडियन क्लासिकल आर्केस्ट्रा | 8 से 10 मिनट |
| वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंटल सोलो | 4 से 6 मिनट |
| क्लासिकल डांस | 12 से 15 मिनट |
| ग्रुप डांस हरियाणवी | 8 से 10 मिनट |

### यह होंगे इवेंट्स

| इवेंट | अवधि |
|---|---|
| ग्रुप डांस जनरल | 8 से 10 मिनट |
| सोलो डांस हरियाणवी | 4 से 6 मिनट |
| कोरियोग्राफी | 8 से 12 मिनट |
| वन एक्ट प्ले हिंदी | 25 से 30 मिनट |
| वन एक्ट प्ले संस्कृत | 25 से 30 मिनट |
| स्किट हिंदी | 8 से 10 मिनट |
| हरियाणवी स्किट | 8 से 10 मिनट |
| मिमिक्री | 4 से 5 मिनट |
| सांग | 75 से 90 मिनट |
| रीचुअल | 5 से 7 मिनट |

### प्रदर्शन करने की बजाय करें रिपोर्ट

यूथ फेस्टिवल में भाग लेने वाले को विवि प्रशासन की ओर से यह भी आदेश जारी किए गए है अगर किसी टीम को रिजल्ट में किसी तरह की समस्या है या रिजल्ट को लेकर नाराजगी है तो वह धरना-प्रदर्शन करने की बजाय जज कमेटी के सदस्यों को रिपोर्ट करें।

### कालेज का आइकार्ड लाना जरूरी

यूथ फेस्टिवल में भाग लेने के लिए कालेज विद्यार्थियों को आईकार्ड व अन्य डाक्यूमेंट्स की जानकारी देनी होगी। साथ ही यूथ फेस्टिवल में भाग लेने के लिए विद्यार्थियों को कालेज प्रिंसिपल से लेटर जारी करवाना होगा।

### डिजिटल टाइमर किया जाएगा प्रयोग

यूथ फेस्टिवल में परफॉरमेंस के दौरान डिजिटल टाइमर का इस्तेमाल किया जाएगा। इनमें पीला बल्ब स्टेज पर विभिन्न इंस्ट्रमेंट्स की सेटिंग के लिए, ग्रीन बल्ब परफॉरमेंस के दौरान व रेड बल्ब टाइम पूरा होने पर जलाया जाएगा।

दैनिक जागरण - 23-10-2019

# भारत में महिलाओं के सम्मान की थी आदि परम्परा : राज नेहरू

हिसार, 23 अक्तूबर (ब्यूरो): श्री विश्वकर्मा विश्वविद्यालय गुरुग्राम के कुलपति प्रो. राज नेहरू ने कहा है कि भारत में महिलाओं के सम्मान की आदि परंपरा रही है। एक समय ऐसा था जब पूरी दुनिया में भारत में महिलाओं का सर्वाधिक सम्मान था। भारत में घुसपैठियों के आने के बाद इस स्थिति में बदलाव आया। भारत में फिर से महिलाओं के प्रति सम्मान की उच्च परंपरा को स्थापित करना होगा।

प्रो. राज नेहरू बुधवार को गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी हिसार की महिला सैल के सौजन्य से 'महिला सशक्तिकरण एवं लिंगानुपात' विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को बतौर मुख्यातिथि सम्बोधित कर रहे थे। विश्वविद्यालय के चौ. रणबीर सिंह सभागार में हुए उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। अधिवक्ता अंजू चौधरी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रही। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. अनिल पुंडीर कार्यशाला के विशिष्ट अतिथि थे। महिला सैल की अध्यक्षा प्रो. स्नेह लता गोयल कार्यशाला की संयोजक तथा प्रो. अलका शर्मा सहसंयोजक के रूप में मंच पर उपस्थित रहे।



*महिला सैल के सौजन्य से आयोजित कार्यशाला के मुख्यातिथि प्रो. राज नेहरू को सम्मानित करते विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व अन्य।*

प्रो. राज नेहरू ने अपने सम्बोधन में कहा कि भारत का इतिहास गवाह है कि यहां महिलाओं को समानता और सम्मान प्राप्त था। महिलाओं की समानता व सम्मान भारत की संस्कृति भी रही है और विरासत भी। उन्होंने वेदों और अन्य घटनाओं का उदाहरण देते हुए स्पष्ट किया कि भारत की महिला हर मोर्चे पर आगे रही है। उन्होंने कहा कि भारत में घुसपैठियों के प्रवेश के बाद स्थिति तेजी से बदली। पर्दा प्रथा, बाल विवाह और सती प्रथा जैसी कुरीतियां समाज में स्थापित हो गईं। उन्होंने बताया कि भारत में स्थापित शक्तिपीठ महिला शक्ति को ही समर्पित हैं। उन्होंने कहा कि वक्त की जरूरत है कि हम अपनी विचारधारा में बदलाव लाएं। घर में महिलाओं से पहले लड़कियों को शक्तिशाली बनाएं।

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमें महिलाओं का सम्मान देने की अपनी प्राचीन परम्परा को याद करना होगा। जो देश पूरी दुनिया में महिलाओं को सर्वाधिक सम्मान देता था था आज उसी भारत में ही महिलाओं के प्रति अपराध निरंतर बढ़ रहे हैं। इसके लिए हमें गंभीरता से विचार करना होगा।

कार्यशाला की मुख्य वक्ता अधिवक्ता अंजू चौधरी ने अपने वक्तव्य में कहा कि महिलाओं के साथ कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न एक गम्भीर समस्या है। यौन उत्पीड़न शारीरिक ही नहीं होता बल्कि मानसिक व मौखिक भी होता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं व पुरुषों की अपेक्षा ट्रांसजैंडर के साथ यौन उत्पीड़न बहुत होता है। सरकार द्वारा पुरुष व महिलाओं के लिए अलग-अलग जेल बनाई हुई है परंतु ट्रांसजैंडर के लिए अलग नहीं है। उन्होंने यौन उत्पीड़न से सम्बन्धित विभिन्न कानूनों की विस्तार से जानकारी दी।

महिला सैल की अध्यक्षा प्रो. स्नेह लता गोयल ने अपने स्वागत सम्बोधन में कार्यशाला के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा कहा कि यह कार्यशाला समय की मांग है। कार्यशाला महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर विचार करने के लिए एक श्रेष्ठ मंच का कार्य करेंगी। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में 150 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। प्रो. एल्का शर्मा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। शैक्षणिक मामलों की अधिष्ठाता प्रो. ऊषा अरोड़ा व प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, कुलसचिव डा. अनिल पुंडीर भी उपस्थित रहे।

पंजाब केसरी - 24-10-2019

# गुजवि के 11 विद्यार्थियों का प्रतिष्ठित कंपनी में चयन



**हिसार, 24 अक्तूबर ( निस )।** गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्राद्योगिकी विश्वविद्यालय के ग्यारह विद्यार्थियों का चयन प्रतिष्ठित सॉफ्टवेयर कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) में हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार तथा कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट सैल के निदेशक प्रताप सिंह मलिक ने बताया कि टीसीएस पिछले वर्ष से टीसीएस नेशनल क्वालिफायर टेस्ट (टीएनक्यूटी) के माध्यम से देश भर की उज्ज्वल प्रतिभाओं को आमंत्रित करने की दृष्टि से पैन इंडिया ड्राइव का आयोजन कर रही है जिसकी शुरुआत एक ऑनलाइन टेस्ट से होती है और उसके बाद व्यक्तिगत साक्षात्कार होता है जिसमें तीन राउंड होते हैं-तकनीकी, प्रबंधकीय और मानव संसाधन।

विश्वविद्यालय के बीटेक कंप्यूटर साईंस एंड इंजीनियरिंग, आईटी, इलैक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग तथा एमसीए के लगभग 70 विद्यार्थियों ने इस नेशनल क्वालिफायर टेस्ट में भाग लिया। इनमें से ऑनलाइन कोडिंग, तकनीकी व व्यक्तिगत साक्षात्कार के बाद विश्वविद्यालय के ग्यारह विद्यार्थियों को चुना गया है। विद्यार्थियों का चयन 3.36 लाख रूपये के प्रारंभिक वार्षिक पैकेज पर एसिसटेंट सिस्टम इंजीनियर ट्रेनी के पद हुआ है।

प्लेसमेंट निदेशक प्रताप सिंह मलिक ने चयन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए छात्रों को तैयार करने और प्रोत्साहित करने के लिए कंप्यूटर साईंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रो. ऋषिपाल सिंह और मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डा. पंकज खटक और विभागीय प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर्स का आभार व्यक्त किया है। ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट सैल के सहायक निदेशक आदित्यवीर सिंह ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों में बीटेक कंप्यूटर साईंस एंड इंजीनियरिंग 2020 बैच की दिव्या, राघव अग्रवाल, राणा अतुल, रेनू शर्मा, भावेश गुप्ता, रजत शर्मा, करण, लोकेश यादव, दिव्यांश मित्तल, रोशन रोनियार तथा बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग का हर्षित ठकराल शामिल हैं।

नित्य शक्ति टाइम्स – 24-10-2019

# गीतों पर थिरके कदम, चुटकुलों ने खूब गुदगुदाया

## जीजेयू में दिवाली मेले के दौरान बसंती नाम की ऊंटनी को भी नचाया, हरियाणवी ड्रामा रहा आकर्षण का केंद्र

जागरण संवाददाता, हिसार: एक ओर विद्यार्थी हरियाणवी व हिंदी गानों पर डांस कर रहे थे तो दूसरी ओर रेगिस्तान का जहाज कही जाने वाली बसंती नाम की ऊंटनी भी ठुमके लगा रही थी। मौका था जीजेयू के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस विभाग के विद्यार्थियों द्वारा बुधवार को आयोजित किए गए दिवाली मेले का। दीवाली मेले में विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए फास्ट फूड, खीर व अन्य प्रकार के खाने के समेत, खेलकूद, हैंडमेड आर्ट एंड क्राफ्ट, गजट स्टॉल्स, एनिमल राईड, फोटोग्राफी, फूड कोर्ट, पजल्स गेम, कार गेम्स की स्टॉल्स लगाई गई। इनसे विद्यार्थियों को बिजनेस टिप्स भी मिले। विद्यार्थियों ने बताया कि उन्होंने अपने-अपने ग्रुप के दोस्तों से पैसे एकत्रित कर खाने-पीने सहित अन्य सामान बनाया। इससे हमें बिजनेस में लाभ व नुकसान की स्थिति के बारे में जानने को मिला। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों के मनोरंजन के लिए गणेश वंदना, नृत्य, लाइव म्यूजिक, कॉमेडी, ऑपन डीजे एंड माईक व हरियाणवी ड्रामा रिशब भी आकर्षण का केन्द्र रहे।

**मंच पर चले हरियाणवी चुटकुले, डांस व परफॉरमेंस :** मेले के दौरान पंडाल के बीचो-बीच बनाए गए स्टेज पर विद्यार्थियों के मनोरंजन का पूरा इंतजाम किया गया था। मेले के दौरान बीच-बीच में हरियाणवी व हिंदी गानों पर विभिन्न विद्यार्थियों व बाहर से आए आर्टिस्ट्स ने परफॉरमेंस दी। डांस परफॉरमेंस के साथ-साथ कई विद्यार्थियों ने चुटकुले, कविता सुनाकर उपस्थित लोगों का मनोरंजन किया। सौरभ ने हरियाणवी गाने पर पतली कमर लांबी पोरी गाने पर डांस कर धमाल मचाया तो कोरियोग्राफी में फौज की थीम पर परफॉरमेंस को भी दर्शकों ने एंज्वॉय किया।



गुजवि में आयोजित दिवाली मेले के दौरान झूला झूलते विद्यार्थी। ● जागरण



मेले में ऊंटनी की सवारी करती छात्राएं। ● जागरण



गुजवि में आयोजित मेले में डांस करते विद्यार्थी। ● जागरण



गुजवि में आयोजित मेले का अवलोकन करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। ● जागरण

**200 विद्यार्थियों ने लगाई 35 स्टॉल :** हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस के निदेशक प्रो. कर्मपाल नरवाल ने बताया कि मेले में विद्यार्थियों द्वारा 35 स्टॉल लगाई गई। जिसमें विभाग के 200 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। मेले की निगरानी के लिए प्रो. हरभजन बंसल को समन्वयक नियुक्त किया गया। मेले में विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालय से सम्बंधित महाविद्यालयों व अन्य स्कूलों के विद्यार्थियों सहित 5 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने भ्रमण किया। हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस के विद्यार्थी रिशब प्रियंका, सोहन, तेजदीप, नवीन, सचिन, करण व दिपांशु मेले के संयोजक रहें। इस अवसर पर पब्लिक आऊटरिच निदेशक प्रो. दलबीर सिंह, प्रोक्टर प्रो. विनोद कुमार बिश्नोई, परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला, प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, डा. एससी कुंडू, प्रो. बीके पूनिया, प्रो. एनएस मलिक, प्रो. एमसी गर्ग, प्रो. प्रदीप गुप्ता, प्रो. एनके बिश्नोई, प्रो. अनिल कुमार, प्रो. शबनम सक्सेना, डा. संजीव कुमार, डा. तिलक सेठी, डा. टीका राम, डा. सुरेश कुमार मित्तल, डा. अंजू वर्मा सहित अन्य शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मी मौजूद रहे।

### वीसी ने भी उठाया लुत्फ

मेले का शुभारम्भ श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय गुरुग्राम के कुलपति प्रो. राज नेहरु ने किया। मेले की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर, शैक्षणिक मामलों की अधिष्ठाता प्रो. ऊषा अरोड़ा व छात्र कल्याण अधिष्ठात्री प्रो. सरोज विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मेले में उपस्थित विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कुलपति प्रो. राज नेहरु ने कहा कि विद्यार्थियों द्वारा आयोजित किया गया यह मेला विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए अत्यंत लाभदायक सिद्ध होगा। विद्यार्थियों को थ्योरी के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करना बहुत आवश्यक है। ऐसे कार्यक्रमों से प्रबंधन की कला, आयोजन, प्लानिंग व अनुशासन का ज्ञान प्राप्त होता है। विद्यार्थियों द्वारा मेले से सम्बंधित की गई मार्केटिंग, मैनेजमैंट व अन्य सुविधाएं काबिले तारीफ है। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों का व्यवहारिक ज्ञान बढ़ना है। एमबीए के विद्यार्थियों को व्यापार से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त होती है। मेले से विद्यार्थियों को व्यापार में होने वाले लाभ-हानि, क्रय-विक्रय व प्रबंधन कला सीखने को मिली।

दैनिक जागरण – 24-10-2019

# ऑनलाइन एप्टीट्यूड टेस्ट में 155 व अंग्रेजी टेस्ट में 11 ने लिया भाग



हिसार। रिया अग्रवाल को व्याख्यानमाला प्रतियोगिता के प्रथम पुरस्कार से सम्मानित करते डॉ.मनोज मलिक।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल ने मासिक कोमीट्यूड प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें ऑनलाइन एप्टीट्यूड टेस्ट में 155 व अंग्रेजी व्याख्यान टेस्ट में 11 उम्मीदवारों ने भाग लिया। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी संजय सिंह ने बताया कि एप्टीट्यूड टेस्ट का आयोजन विश्वविद्यालय के पंडित दीनदयाल उपाध्याय कंप्यूटर एंड इंफोर्मेटिक्स सैंटर की प्रयोगशालाओं में किया गया।

एप्टीट्यूड टेस्ट के वरिष्ठ वर्ग में बीटेक कंप्यूटर साईंस एंड इंजीनियरिंग चतुर्थ वर्ष के अरूण ने पहला, बीटेक प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी के प्रवीण यादव ने दूसरा तथा सुमित बिश्नोई ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कनिष्ठ वर्ग में एमबीए के साहिल गर्ग प्रथम स्थान पर रहे। बीटेक आईटी प्रथम वर्ष की अंजलि राणा दूसरे जबकि बीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के आशीष श्योराण तीसरे स्थान पर रहे।

विश्वविद्यालय के सभागार के सेमिनार हॉल-2 में दोपहर के सत्र में अंग्रेजी व्याख्यान प्रतियोगिता आयोजित की गई। फिजियोथेरेपी विभाग के डा. मनोज मलिक, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के डा. अजय पूनिया तथा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग की डा. प्रीति प्रभाकर व्याख्यान प्रतियोगिता के निर्णायक रहे। इस प्रतियोगिता में कंप्यूटर साईंस एंड इंजीनियरिंग विभाग की रिया अग्रवाल ने पहला व एमबीए के कमल राणा दूसरे स्थान पर रहे। बीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन के तुषार नरवाल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता का मंच संचालन रसायन विज्ञान विभाग की छात्रा ऐश्वर्या ने की। मुस्कान, रोहित और तुषार ने समूचे आयोजन का समन्वय किया। इस अवसर पर ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट सैल के सहायक निदेशक आदित्यवीर सिंह उपस्थित रहे।

हरि भूमि 26-10-2019

# केन्या के इस्टर्न अफ्रीका विवि के साथ एम.ओ.यू. करेगा गुजवि



*इस्टर्न अफ्रीका विश्वविद्यालय, बाराटोन, इलोडरेट, केन्या के कुलपति डा. फिलीप मायो को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार एवं अन्य।*

हिसार, 25 अक्तूबर (ब्यूरो): इस्टर्न अफ्रीका विश्वविद्यालय, बाराटेन, इलोडरेट, केन्या के कुलपति एवं गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र डा. फिलीप मायो ने कहा कि भारत एवं केन्या में शिक्षा व शोध के क्षेत्र में कार्य करने की अपार संभावनाएं हैं।

दोनों देशों में शिक्षा व्यवस्था लगभग एक जैसी ही है। उन्होंने कहा कि उनका विश्वविद्यालय गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्राद्यौगिकी विश्वविद्यालय के साथ एम.ओ.यू. करेगा तथा भविष्य में मिलकर कार्य करेगा। डा. मायो शुक्रवार को विश्वविद्यालय में आए। डा. फिलीप मायो इस विश्वविद्यालय के पहले विदेशी छात्र थे। उन्होंने यहां वर्ष 2000-02 के सत्र में एम.एस.सी. कंप्यूटर विज्ञान की पढ़ाई की थी।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर के साथ उन्होंने दोनों विश्वविद्यालयों के बीच शिक्षण व शोध की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। बैठक का आयोजन डीन एल्यूमनी रिलेशन्ज डा. राजेश लोहचब के सौजन्य से किया गया था। डा. मायो ने बताया कि यहां का पूर्व छात्र होने के कारण वे भारत की शैक्षणिक व्यवस्था को समझते हैं।

केन्या गुणवत्ता व कौशल आधारित शिक्षा को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय का आधारभूत ढ़ाचा, प्रयोगशालाएं व अन्य संबंधित व्यवस्था अंतर्राष्ट्रीय स्तर की है। केन्या के विद्यार्थी इन सुविधाओं का फायदा उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों विश्वविद्यालय भविष्य में अपने कौशल के साथ-साथ. शिक्षकों व विद्यार्थियों को भी एक दूसरे विश्वविद्यालय में भेज सकते हैं। जिससे दोनों विश्वविद्यालयों को काफी लाभ होगा। इस अवसर नैटवर्किंग सैल से राजेश पूनिया भी उपस्थित रहे।

व केसरी 26-10-2019

**समारोह** जीजेयू में एक नववर को मनाया जाएगा सिल्वर जुवली कार्यक्रम, फाउंडर कुलपति केएल जोहर होंगे शामिल

# एक नवंबर को लांच होगा जीजेयू का कुलगीत

सुभाष चंद्र • हिसार

जीजेयू में एक नवंबर को हरियाणा दिवस सिल्बर जुबली कार्यक्रम के नाम रहेगा। 20 अक्टूबर 1995 में स्थापित किये गए गुरु जंभेश्वर साइंस एंड टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय को इस वर्ष 20 अक्टूबर को 25 साल पूरे हो चुके हैं। विश्वविद्यालय की ओर से पूरे वर्ष सिलवर जुबली के तहत कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। इसी कड़ी के तहत एक नवंबर को हरियाणा दिवस पर सेलिब्रेशन का आयोजन किया जाएगा।

इस सेलिब्रेशन की खास बात यह है कि इस कार्यक्रम में जीजेयू के पहले कुलपति मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। साथ ही इस दौरान अन्य एक नंवबर पर भी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।



## 2 मिनट का है कुलगीत

सिलबर जुबली सेलिब्रेशन के दौरान जीजेयू की ओर से बनवाया गया कुलगीत भी लांच किया जाएगा। जीजेयू में विश्वविद्यालय प्रशासन ने विश्वविद्यालय का कुलगीत तैयार करवाया है। कुलगीत बनवाने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने दो बार आवेदन मांगे, जिसके बाद यह कुलगीत तैयार हुआ है। 2 मिनट के कुलगीत को फेकल्टी के एक सदस्य द्वारा तैयार किया गया है, जिसे आगामी फंक्शन में बजाया जाएगा।

## गुरु जंभेश्वर महाराज पर लांच की जाएगी डॉक्यूमेंट्री

कार्यक्रम में गुरु जंभेश्वर महाराज पर एक डॉक्यमेंट्री लांच की जाएगी, जो 12 मिनट की होगी। वहीं इसके साथ-साथ जीजेयू के 25 साल पूरे होने पर एक नए लोगो को भी लांच किया जाएगा। वहीं इसी दिन श्री गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय में अखंड पाठ का भी आयोजन किया जाएगा।

## जानिये... फाउंडर कुलपति केएल जोहर के बारे में

जीजेयू को वर्ष 1995 में स्थापित किया गया था। जीजेयू के पहले कुलपति केएल जौहर बने थे। उन्होंने तीन साल विश्वविद्यालय को स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई। मुख्यत: यमुनानगर निवासी केएल जोहर, गुरु जम्भेश्वर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के संस्थापक कुलपति हैं।

इन सब कार्यक्रमों के साथ जीजेयू में श्री गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाशोत्सव पर अखंड पाठ का भी आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय की ओर से कुलगीत तैयार करवाया गया है, जिसे इस अवसर पर लांच किया जाएगा। कुलगीत विश्वविद्यालय के लोगों, विद्यार्थियों व अन्य स्टाफ में विश्वविद्यालय के प्रति एक निष्ठा बने। इसलिए इसे तैयार करवाया गया है।

– **प्रो. टंकेश्वर कुमार**, कुलपति, जीजेयू।

दैनिक जागरण 30-10-2019

# यूथ फेस्टिवल के लिए 13 कॉलेजों ने कराया रजिस्ट्रेशन

## गुजवि में 7 से 9 नवंबर होगा महोत्सव, पंजीकरण का अंतिम दिन आज



अमर उजाला ब्यूरो

**हिसार।** गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय में 7 से 9 नवंबर तक होने वाले यूथ फेस्टिवल के लिए अभी तक 13 कॉलेजों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाया है। जो कॉलेज अभी तक किसी भी विधा के लिए रजिस्ट्रेशन नहीं करा पाए हैं, उन्हें बुधवार तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 30 अक्तूबर रखी गई थी, लेकिन 11 कॉलेजों में किसी भी विधा के लिए रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया।

वहीं, यूटीडी और गवर्नमेंट पीजी कॉलेज सहित विभिन्न कॉलेजों में यूथ फेस्टिवल को लेकर तैयारियां जोरों पर है। यूथ फेस्टिवल का आयोजन विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह सभागार और टीचिंग ब्लॉक चार के ऑडिटोरियम में होगा। 30 अक्तूबर को अंतिम रजिस्ट्रेशन के बाद सभी कार्यक्रमों के लिए स्टेज का फाइनल प्रारूप तैयार किया जाएगा।

जिले के सभी कॉलेजों के गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय से संबद्ध होने के बाद सभी सामान्य डिग्री एवं इंजीनियरिंग कॉलेजों के बीच होने वाला यह तीसरा यूथ फेस्टिवल होगा। यूथ फेस्टिवल में 24 कॉलेजों की टीमें हिस्सा ले सकेंगी। फेस्टिवल के लिए इस बार कई चीजों में बदलाव किया गया। दो नई विधाएं भी इस बार यूथ फेस्टिवल में जोड़ी गई हैं, जिससे कॉलेजों के विद्यार्थी कुल 44 विधाओं में भाग ले सकेंगे।

**नेशनल लेवल पर जा सकेगी हिंदी स्किट :** युवा महोत्सव में 44 विधाओं में सांस्कृतिक एवं अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस बार विश्वविद्यालय के युवा कल्याण निदेशालय की ओर से युवा महोत्सव में दो नई विधाओं को भी जोड़ा गया है। इनमें मेहंदी रचाओ और हिंदी भाषा में स्किट शामिल है। युवा कल्याण निदेशालय के निदेशक अजीत ताखर के अनुसार इंटर यूनिवर्सिटी नेशनल यूथ फेस्टिवल में ये विधाएं हैं, इसलिए इंटर कॉलेज यूथ फेस्टिवल में भी इनको शामिल कर लिया गया है।

नई शामिल की गई विधा हिंदी स्किट के नियम हरियाणवी स्किट की तरह होंगे। इससे हमारी हिंदी स्किट नेशनल यूथ फेस्टिवल में भी जा सकेंगी।

*युवा महोत्सव के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए 30 अक्तूबर अंतिम तिथि है। रजिस्ट्रेशन के बाद बैठक होगी, जिसमें महोत्सव से संबंधित कई विषयों पर अंतिम फैसला लिया जाएगा।*

***– अजीत सिंह ताखर, युवा कल्याण निदेशालय, गुजवि***

अमर उजाला 30-10-2019